**आकाशवाणी शिमला**

**31.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे**

**केन्द्रीय मंत्रिमण्डल**

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के लिए एक हजार नौ सौ 20 करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय के साथ कुल 6 हजार पांच सौ 20 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दे दी है। आज नई दिल्ली में मंत्रिमण्डल के निर्णयों के जानकारी देते हुये सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसमें बजट घोषणा के अनुरूप घटक योजना, एकीकृत शीत श्रृंखला और मूल्य संवर्धन अवसंरचना के अंतर्गत 50 बहु–उत्पाद खाद्य विकिरण इकाईयां स्थापित करने के लिए एक हजार करोड रुपये शामिल है। मंत्रिमंडल ने वर्ष 2025–26 से 2028–29 तक चार वर्षों की अवधि के लिए दो हज़ार करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ केंद्रीय योजना राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम अनुदान सहायता–एन.सी.डी.सी को भी मंजूरी दी है।

**डोप टैस्ट**

राज्य सरकार ने पुलिस भर्ती से पहले उम्मीदवारों का डोप टैस्ट करवाना अनिवार्य कर दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि नए भर्ती होने वाले सभी कर्मचारियों को शपथ पत्र देना होगा कि वे चिट्टे का सेवन नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नशे की रोकथाम के लिए गम्भीरता से काम कर रही है और हर जिले में नशा मुक्ति केन्द्र खोलने का फैसला किया गया है।

***जो भी पुलिस में भर्ती होगी, उसमें पहली स्टेज पर डोप टेस्ट, चिट्टा का टेस्ट किया जाएगा। मेनली चिट्टा का टेस्ट किया जाएगा और उसके बारे में हमने विस्तृत रिपोर्ट मंगाई है पंचायतों में पांच और छह पंचायत पर एक कांस्टेबल की ड्यूटी लगेगी, एक आशा वर्कर की ड्यूटी लगेगी और एक पंचायत सेक्रेटरी को उसकी कार्य प्रणाली में उसको सम्मिलित किया जाएगा, पूरी रिपोर्ट्स मंगाई जाएगी, क्योंकि जिस प्रकार की रिपोर्ट्स है। उसमें कई जगह भांग प्राचीन काल से वहां उगाते आ रहे हैं, नशे में शराब भी आती है, सेवन भी आता है तो हमने कहा कि हमारा पहला और प्रथम दायित्व यह बनता है जो चिट्टा आ रहा है जिसकी सबसे अधिक सप्लाई कहां से आती है उसको हमने तोड़ना है और किन व्यक्तियों के पास सप्लाई हो रही है उसको हमने तोड़ना है।***

**राजीव भारद्वाज**

सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने आज लोकसभा में कांगड़ा जिले में नूरपुर की बहुउद्देशीय फिना सिंह सिंचाई परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में शामिल करने का मुद्दा उठाया। इस पर केन्द्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी ने बताया कि इस परियोजना को अगस्त 2024 में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में शामिल कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि फिना सिंह सिंचाई परियोजना को केन्द्र सरकार की ओर से 2 सौ 82 करोड़ 47 लाख रूपए की राशि प्रदान की जाएगी।

**सिकंदर कुमार**

सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने राज्यसभा में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के जीवन स्तर और सामाजिक सुरक्षा में सुधार का मुद्दा पुरजोर ढंग से उठाया। इसके जवाब में केन्द्रीय श्रम व रोजगार राज्य मंत्री शोभा कारान्दलाजे ने बताया कि केन्द्र सरकार ने सभी क्षेत्रों मे रोजगार सृजन को बढ़ावा देने, रोजगार क्षमता बढ़ाने और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। इसके माध्यम से विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष रूप से जोर दिया गया है। केन्द्रीय मंत्री ने सिकंदर कुमार को बताया कि केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं को एक पोर्टल यानि ई–श्रम पर एकीकृत किया है।

**जनऔषधि केन्द्र**

केन्द्रीय उर्वरक व रसायन राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के तहत देश में वर्ष 2023–24 और 2024–25 के दौरान लगभग 3 हजार 4 सौ 93 करोड़ रूपए की दवाईयां जनऔषधि केन्द्रों के माध्यम से बेची गई हैं। राज्यसभा में सांसद इंदु गोस्वामी द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इस वर्ष 30 जून तक देशभर में कुल 16 हजार 9 सौ 12 जनऔषधि केन्द्र खोले गए हैं और इनके माध्यम से दवाईयां व चिकित्सा उपकरण 50 से 80 फीसदी सस्ती दरों पर बेचे जा रहे हैं।

**मौसम**

प्रदेश के अनेक भागों में मॉनसून की वर्षा का क्रम आज भी रूक–रूक कर जारी है। भूस्खलन के कारण राज्य में अभी भी 2 सौ 91 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसके अलावा 4 सौ 16 बिजली ट्रांसफार्मर और 2 सौ 19 पेयजल योजनाएं भी ठप्प हैं। वर्षा से जुड़ी घटनाओं में राज्य में एक सौ 73 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 36 लोग लापता हैं। मौसम विभाग ने 6 अगस्त तक राज्य के अनेक भागों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। कल पहली अगस्त को कांगड़ा, कुल्लू, मण्डी, शिमला और सिरमौर जिले के अनेक स्थानों पर भारी वर्षा की सम्भावना है।

———————————